**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 25 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19 वीं किश्त जारी करने पर प्रधानमंत्री का किसानों की तरफ से आभार जताया है। झज्जर में इस उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा -

झज्जर में राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि झज्जर जिले के भी 77 हजार किसानों के खातों में 17 करोड़ 41 लाख रुपये की राशि डाली गई है। इससे पहले 18 किस्तों में प्रदेश के लगभग 20 लाख किसानों को कुल 6 हजार 203 करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा -

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने किसानों से आह्वान किया कि खेती को व्यावसायिक रूप देने के लिए किसान खेती में नवाचार और नई तकनीकों को अपनाएं। अपने उत्पादों की बिक्री स्वयं करें, तभी कृषि को और अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर भी कदम बढ़ाने को कहा।

*************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कल रोहतक में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में कई पुराने कांग्रेसी नेता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।नगर निकाय चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी करने के बाद आयोजित इस रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि लोग भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर उनकी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

उन्होंने कहा:

मुख्यमंत्री ने नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत का दावा किया।

*************************************************************************

**उत्तर प्रदेश के** प्रयागराज में ऐतिहासिक महाकुंभ का आधिकारिक समापन कल महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर होगा। प्रशासन ने इसे दिव्य और भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारी की हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई पहल की गई हैं।

*************************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण को लेकर प्रतिबद्ध है और सरकार खेत से लेकर बाजार तक किसानों के साथ खड़ी है पानीपत में कृषि विज्ञान केंद्र उझा में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए श्री ढांडा ने आगे कहा कि कृषि में 60 प्रतिशत रोजगार की संभावना है और सरकार इसे 80 प्रतिशत तक बढ़ाने को लेकर प्रयत्नशील है।उन्होंने कहा कि सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि का किसानों को हर वर्ष लाभ दिया है। इस योजना से मध्य व लघु किसानों को सहारा मिला है।इस अवसर पर उन्होंने 4 प्रगति शील किसानों को सम्मानित भी किया।

*************************************************************************

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अधिकारियों को फतेहाबाद में धांगड़ गांव के अमृत सरोवर तालाब के चारों ओर हरियाली विकसित करने, और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कल इस तालाब का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल संरक्षण योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है और अमृत सरोवर योजना के तहत हर जिले में तालाबों का निर्माण व पुनरुद्धार किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से भी आह्वान किया कि वे इन जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि अमृत सरोवर योजना के तहत निर्मित यह तालाब गांव में जल संरक्षण, भूजल स्तर को बढ़ाने और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश भी दिए।